परिषद कार्यालय से मान्यता प्राप्त उपरांत जी टू जी के माध्यम से ऑनलाईन प्रवेश फॉर्म भरे जाने हेतु यूजर मैन्युअल

मान्यता प्राप्त होने के उपरांत छात्र-छात्राओं के ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म भरे जाने संबंधी कार्यवाही :-

शैक्षणिक सत्र में नवीन/पूर्व से संचालित संस्थाओं को परिषद से मान्यता पत्र जारी होने के उपरांत छात्रों के प्रवेश फॉर्म ऑनलाईन भरे जाने हेतु निम्नलिखत प्रकिया का अनुसरण किया जावें –

1. संस्था द्वारा **G2G** यूजर-आईडी **login** प्रक्रिया:
   - मान्यता प्राप्त नवीन ऐसी संस्थाएं जिनके पास ऑनलाईन प्रवेश फॉर्म भरे जाने हेतु **जी-टू-जी आईडी (G2G) एवं पासवर्ड** उपलब्ध नहीं है, वह संस्थाएं सर्वप्रथम परिषद कार्यालय को जी टू जी आईडी एवं पासवर्ड हेतु आवेदन कर अपना जी टू जी आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त करेंगें ।
   - जी-टू-जी आईडी (G2G) एवं पासवर्ड का उपयोग करते हुए संस्थानों संबंधित शैक्षणिक सत्र में प्रवेशित छात्र-छात्राओं के प्रवेश फॉर्म ऑनलाईन भरे जाने हेतु पैरामेडिकल कौसिंल की वेबसाइट **https://paramedical.mponline.gov.in** पर उपलब्ध जी-टू-जी आईडी (G2G) का चयन कर चित्र में दर्शाये गये जी टू जी पर क्लिक कर परिषद से प्राप्त जी टू जी आईडी एवं पासवर्ड दर्ज कर login करें।





चित्र- 1 एवं 2 : संस्था द्वारा **G2G** यूजर-आईडी **login** प्रक्रिया

परिषद कार्यालय से मान्यता प्राप्त उपरांत जी टू जी के माध्यम से ऑनलाईन प्रवेश फॉर्म भरे जाने हेतु यूजर मैन्युअल

2. **संस्था द्वारा Online** 'Admission Form' **भरने की प्रक्रिया:**

Login Page खुलने के बाद G2G ID, Password एवं Security Captcha डालने के उपरांत संस्था की जी टू जी आईडी निम्नानुसार प्रदर्शित होगी. जिसके अंतर्गत संस्था में प्रवेशित छात्रों का ऑनलाईन प्रवेश फॉर्म भरने हेतु चित्र में प्रदर्शित 'Admission Form' पर क्लिक करने के उपरांत एक निर्धारित प्रारूप में फॉर्म खुलेगा जिसमे प्रवेशित छात्र की आवश्यक जानकारी भरे जाने एवं अनिवार्य दस्तावेज अपलोड करने के बाद फॉर्म में छात्र की भरी गयी समस्त जानकारी '**सही हैं**' **इसकी पुष्टी करने के उपरांत ही** '**Submit**' बटन पर क्लिक कर प्रवेश फॉर्म भरने की कार्यवाही पूर्ण करें ।





चित्र- **3** एवं **4** : संस्था द्वारा **Online** 'Admission Form' भरने की प्रक्रिया एवं फॉर्म का प्रारूप

परिषद कार्यालय से मान्यता प्राप्त उपरांत जी टू जी के माध्यम से ऑनलाईन प्रवेश फॉर्म भरे जाने हेतु यूजर मैन्युअल

3. Edit Admission Form

- संस्था द्वारा भरे गये प्रवेश फार्म में यदि किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है तो नीचे चित्र में प्रदर्शित Edit Admission Form की सहायता से प्रवेश फॉर्म में सुधार किया जा सकता है। संस्था द्वारा प्रवेश फॉर्म में सुधार तब तक किया जा सकता है जब तक संस्था के प्रवेश फॉर्म भरने हेतु परिषद स्तर से लिंक ओपन हो। प्रवेश लिंक बंद होने के उपरांत संस्था स्तर से प्रवेश फॉर्म में सुधार किया जाना संभव नहीं होगा।



- संस्था स्तर से छात्र का प्रथम नाम, कोर्स एवं कॉलेज के नाम में परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा उपरोक्त में सुधार करवाये जाने हेतु परिषद कार्यालय को तत्काल सुचित कर परिषद स्तर से सुधार करवाना होगा।
- परिषद स्तर से प्रवेश फॉर्म में सुधार करवाये जाने हेतु प्रवेश लिंक बंद होने से एक माह की निर्धारित समय सीमा में आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में परिषद स्तर से सुधार किया जावेगा।
- एक माह के उपरांत परिषद स्तर से प्रवेश फॉर्म में सुधार नहीं किया जावेगा। जिसकी समस्त जबावदारी संस्था प्राचार्य/ संचालक की होगी।

***